THE INSTITUTE OF
Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)

प्रेस विज्ञप्ति

ब्यूरो के प्रमुख **25 फरवरी 2026**

कंपनी सचिव परीक्षाओं के दिसंबर 2025, के परिणाम घोषित

दिसंबर 2025 में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) के परिणाम आज, यानी 25 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में घोषित किये गए और संस्थान के देश के सभी कार्यालयों में भी जारी कर दिए गए । ICSI ने संस्थान की वेबसाइट - www.icsi.edu पर विषय-वार ब्रेक-अप के साथ-साथ परिणाम उपलब्ध कराने के अलावा, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है ।

प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) परीक्षा के ग्रुप 1 में 26.73 प्रतिशत अभ्यर्थी, और ग्रुप 2 में 26.67 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं ।

मुंबई परीक्षा केंद्र से **किंजल अजमेरा,** प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम), ने परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।

एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) परीक्षा में, 18.03 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 1 में और 22.26 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 2 में उत्तीर्ण हुए हैं ।

अहमदाबाद परीक्षा केंद्र से **अनीशा दर्शन केसवानी**, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) ने परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।

कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) की अगली परीक्षाएँ, सोमवार, 1 जून, 2026, से, रविवार, 7 जून, 2026, तक, सुबह के सत्र में आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए आवश्यक परीक्षा शुल्क के साथ नामांकन आवेदन ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया 26 फरवरी, 2026 से शुरू होगी।

पुनर्गठित कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (सीएसईईटी) सोमवार, 01 जून, 2026 से गुरुवार, 04 जून, 2026 तक दोपहर के सत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक परीक्षा शुल्क के साथ नामांकन आवेदन ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया 01 मार्च, 2026 से शुरू होगी।

प्रीति कौशिक बनर्जी
संयुक्त सचिव
कॉर्पोरेट संचार और अंतर्राष्ट्रीय मामले
दूरभाष: 011-4534 1022
ई-मेल: preeti.banerjee@icsi.edu